महत्वपूर्ण एवं खास

फर्जी कूटरचना कर जमीन को बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। प्रार्थी के बिना सहमति अपने नाम भूमि कराकर अन्य लोगों को बेचकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चैतन्य टावरी 43 वर्ष चंगोराभाठा डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी कन्हैया लाल मोटवानी, जगदीश, पुरुषोत्तम व अन्य ने प्रार्थी के नाम चंगोराभाठा स्थित जमीन को प्रार्थी के बिना सहमति अपने नाम कराकर अन्य लोगों को बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को मिली तो उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर (आरएनएस)। विधानगर कोतवाली में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सचि ताहेरा 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एचएल 8654 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले तीन कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 49 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 810 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने ग्राम कोपेडीह में अवैध शराब बेचते आरोपी सोमनाथ साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 270 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम गोढ़ी स्थित रिम्स अस्पताल के पास आरोपी गजलाल बैस 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने दोंदेखुर्द में अवैध शराब बेचते आरोपी बनवाली कोसले 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 140 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कुसमुंडा खदान बेरियर के पास मिली लाश

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला की ओर से कुसमुंडा खदान जाने वाले 4 नंबर बैरियर के पास एक व्यक्ति की नग्न अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शनिवार सुबह कुसमुंडा खदान से बाहर निकल रहे कुछ लोगों ने झाड़ियां के पास नग्न अवस्था में व्यक्ति को पड़े हुए देखा। अनहोनी की आशंका पर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। कुसमुंडा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। वहीं यह खबर आग की तरह फैल गई। आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। बताया जाता है कि मृत व्यक्ति खदान से लगे ग्राम पाली का है, जिसका नाम राम प्रकाश कंवर उम्र तकरीबन 32 वर्ष है। जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। अनुमान है कि रात भर बिना कपड़ों में ठंड की वजह से अकड़न से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

31 चेकपोस्ट में कड़ी जांच... 1.97 करोड़ रूपए कीमत की शराब, वाहन, गांजा एवं महुआ लाहन जब्त

शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी

रायपुर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए 9 अक्टूबर 2023 से लागू की गई आदर्श आचार संहिता के परिप्रेक्ष्य में तथा आयोग द्वारा विगत अगस्त माह में प्रवर्तन एजेंसियों की ली गई समीक्षा बैठक में प्राप्त निर्देशों के परिपालन में विशेष सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा आबकारी विभाग के सभी उड़नदस्तों तथा सभी जिलों के अधिकारियों को समस्त आसवनी, बाटलिंग यूनिट, ब्रुअरी तथा सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में सतत जांच कर निगरानी रखने तथा मदिरा के अवैध संग्रहण एवं परिवहन के संभावित स्थलों को चिन्हांकन कर अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के साथ-साथ राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सघन तलाशी अभियान चलाने तथा संचालित जांच चौकियों में जांच बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग के द्वारा राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से 9 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2023 तक सघन कार्यवाही अभियान चलाकर 2038 छापे मारे गए हैं। इस दौरान 929 प्रकरण दर्ज कर 825 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। विभाग ने इस दौरान 11 हजार 833 लीटर मदिरा जब्त की है जिसका बाजार मूल्य 35 लाख 36 हजार 104 रुपए है।

विभाग ने इस अवधि में 59 लाख 90 हजार 600 रुपए कीमत का महुआ लाहन एवं गांजा भी जब्त किया है। आबकारी विभाग द्वारा इन कार्यवाहियों के दौरान 45 वाहन भी जब्त किए गए हैं जिनका बाजार मूल्य एक करोड़ एक लाख 57 हजार रुपए है।

राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से आबकारी विभाग ने इस तरह से कुल एक करोड़ 96 लाख 83 हजार 704 रुपए बाजार मूल्य की मदिरा, वाहन, गांजा एवं महुआ लाहन जब्त किया है।

राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों में अन्य राज्यों से अवैध शराब का परिवहन रोकने के लिए वाहनों की नियमित जांच की जा रही है।

आबकारी अमले द्वारा विभिन्न स्थानों पर रोड चेकिंग के साथ ही रेल्वे पुलिस तथा राज्य पुलिस के साथ मिलकर रेल्वे स्टेशनों, ट्रेनों, बस अड्डों और बसों पर भी जांच की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा टोल-फ्री नम्बर 14405 का संचालन किया जा रहा है, जिस पर अवैध मदिरा से संबंधित या मदिरा दुकानों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

भारी मात्रा में चादर भरी हुई कंटेनर जब्त

एसएसटी एवं चौकी जेवरा सिरसा की संयुक्त कार्यवाही

दुर्ग (आरएनएस)। आगामी विधानसभा चुनाव के तहत सम्पूर्ण जिला, एसएसटी टीम एवं पुलिस चौकी जेवरा सिरसा द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग किया जा रहा था उसी क्रम में एसएसटी टीम दुर्ग शहर 64 एवं चौकी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में चौकी जेवरा सिरसा के सामने दिनांक 29/10/2023 को वाहन चेकिंग किया जा रहा था इसी दौरान वाहन ट्रक (कंटेनर) के क्क 78 छढ़ 0951 में भारी मात्रा में चादरों से भरी हुई थी जिसके संबंध में वाहन चालक से पूछताछ करने पर कोई बिल पेश नहीं करने पर एसएसटी टीम एवं चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा के द्वारा लगभग 15 लाख की मशरूका को धारा 102 जा.फौ. के तहत जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में एसएसटी टीम के लीनेन्द्र कुमार वर्मा (प्रोफेसर), देवेन्द्र मोहन (कृषि विस्तार अधिकारी), प्र.आर. 134 जितेन्द्र सिंह एवं कैमरा मेन शुभम वैष्णव चौकी प्रभारी उनि चेतन सिंह चन्द्राकर जेवरा सिरसा, सउनि शशिकांता साहू आर 969 वसीम खान, आर. 779 नरेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

आईईडी बम के साथ रंगे हाथों पकड़े गए माओवादी

जगदलपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, बस्तर रेंज जगदलपुर, जिला बस्तर, पुलिस उप महानिरीक्षक बालाजी राव, कांकेर रेंज कांकेर के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल जिला कांकेर के आदेशानुसार एवं रमेश राम कमाण्डेंट, 30 वी वाहिनी बीएसएफ कोयलीबेड़ा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ खोमन लाल सिन्हा के मार्गदर्शन में डीआरजी बल एवं बीएसएफ का संयुक्त बल दिनांक 28.10.2023 को चिलपरस एवं आलपरस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की आसूचना पर डीआरजी (ए) फाल्कान टीम अंतागढ़ एवं 30 वीं वाहिनी कैम्प चिलपरस से बीएसएफ का संयुक्त बल बीएसएफ कैम्प चिलपरस से नक्सली गश्त सर्चिंग पर रवाना हुये थे। जब गश्ती पार्टी चिलपरस से रवाना होकर सर्चिंग करते दोपहर 03.00 बजे चिलपरस नयापारा की ओर आगे बढ़ रहे थे, उसी समय चिलपरस नयापारा पहाड़ी जंगल के पास कुछ लोग संदिग्ध हालत में भागने लगे, जिन्हें गश्ती पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़ने के पश्चात् पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम (1) सानु कोमरा पिता दुखराम कोमरा, उम्र 23 वर्ष, जाति गोड़, साकिन बेड़ापारा आलपरस (2) अर्जुन कुमार साहू पिता शोभाराम साहू, उम्र 22 वर्ष, जाति तेली, साकिन बेड़ापारा आलपरस, थाना कोयलीबेड़ा, जिला कांकेर (छ.ग.) के रहने वाले बताये तथा दोनों प्रतिबंधित माओवादी संगठन में पिछले 03 वर्ष से जनमिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करना बताये तथा इनके पास रखे थैले को तलाशी लेने पर (01) सानु कोमरा के पास रखे सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के थैला में लाल एवं काले रंग का वायर एक बंडल, डेटोनेटर 09 नग, स्वीच 01 नग, काले रंग की प्लास्टिक रस्सी 03 बंडल, विस्फोटक के साथ उपयोग में लाये जाने वाला छर्रा (स्पीलिन्टर) 02 पैकेट एवं लोहे का टुकड़ा लगभग 01 कि.ग्रा. एवं एक नग मोबाईल मिला तथा (2) अर्जुन कुमार साहू के पास 02 नग लोहे का पाईप बम एवं एक नग मोबाईल मिला। विस्तृत पूछताछ करने पर सानु कोमरा एवं अर्जुन कुमार साहू द्वारा उक्त सामग्री को चिलपरस पहाड़ी में नक्सली कमांडर मैनू नेगी निवासी कोयापारा, सगनु निवासी बड़ेपारा आलपरस, पार्वती तथा एक और महिला नक्सली के द्वारा देना बताये तथा आज शाम रात्रि में सुरक्षा जवानों को नुकसान पहुचाने के लिए चिलपरस-छुट्टा के मध्य सड़क पर लगाने बोले थे। उक्त सक्रिय नक्सल सदस्यों को पुलिस एवं बीएसएफ के जवानों द्वारा घेराबंदी कर रंगे हाथ पकड़ने से नक्सलियों का सुरक्षा जवानों के विरूद्ध एक बड़ी घटना की योजना को असफल किया गया है। माओवादियों के विरूद्ध थाना कोयलीबेड़ा में धारा 120बी भादवि., 3, 5 वि.प. अधि., 38(2) 39 (2) वि.वि.कि.क.निवा. अधि. का अपराध कायम कर गिरफ्तार माओवादी (1) सानु कोमरा पिता दुखराम कोमरा, उम्र 23 वर्ष, जाति गोड़, साकिन बेड़ापारा आलपरस (2) अर्जुन कुमार साहू पिता शोभाराम साहू, उम्र 22 वर्ष, जाति तेली, साकिन बेड़ापारा आलपरस, थाना कोयलीबेड़ा, जिला कांकेर (छ.ग.) को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

पीएम मोदी 4 को आएंगे दुर्ग, आमसभा को करेंगे संबोधित

दुर्ग (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को दुर्ग में एक बड़ी सभा को संबोधित करने वाले आने वाले थे, यह कार्यक्रम स्थगित हो गया है।

अब प्रधानमंत्री मंत्री 4 नवंबर को दुर्ग में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे, प्रधानमंत्री मंत्री की रैली से 20 विधानसभा क्षेत्र को कवर करने का रणनीति बनाई गई है।

2 नवंबर को मोदी कांकेर जिला मुख्यालय के नरहर देव हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। इस रैली के माध्यम से कांकेर जिला के 3 के साथ कोंडागांव और केशकाल विधानसभा क्षेत्र एवं धमतरी जिले के कुरुद, सिहावा, नगरी और धमतरी विधानसभा क्षेत्र और बालोद जिला की डौंडी लोहारा, बालोद एवं गुंडागर्दी विधानसभा क्षेत्र को राजनीतिक दृष्टि से कवर करने का रणनीति बनाई गई है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ भाजपा के सह प्रभारी नितिन नवीन ने 29 अक्टूबर को कांकेर जिला भाजपा कार्यालय कमल सदन में उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र के जिला अध्यक्षों की मैराथन बैठक ली और रणनीति तैयार की।

टैक्स चोरी पकड़ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ छापेमारी करेगा आयकर विभाग

रायपुर (आरएनएस)। आयकर विभाग टैक्स चोरी करने वालों के ठिकानों पर अब सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के साथ छापेमारी करेगा। इसके लिए साफ्टवेयर कंपनी को हायर करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए आयकर अन्वेषण डीजी की ओर से निविदा जारी की गई है।

इसमें फोरेंसिक टूल्स, डेटा एनालिसिस और इलेक्ट्रॉनिक्स इस्ट्रूमेंट से डेटा रिकवर के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से 6 नवंबर तक में आवेदन मंगवाए गए हैं। इसके आवेदन आयकर डीजी कार्यालय भोपाल मध्यप्रदेश में जमा लिए जाएंगे। संबंधित कंपनी नियम और शर्तों के साथ निविदा दस्तावेज भोपाल स्थित आयकर अन्वेषण कार्यालय के नोटिस बोर्ड से जानकारी ले सकते हैं। वहीं, विभाग की ओर से वेबसाइट में ब्यौरा उपलब्ध कराया गया है.

बता दें कि आयकर विभाग छापेमारी करने के बाद सॉफ्टवेयर एक्सपर्ट के नहीं होने के कारण स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था कर रही थी. इसके चलते कई बार डेटा रिकवर करने और उसकी जांच करने में विभागीय अधिकारियों को मशक्त का सामना करना पड़ रहा था. छत्तीसगढ़ आयकर अन्वेषण विभाग भोपाल स्थित आयकर विभाग डीजी रेंज के तहत आता है. आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सॉफ्टवेयर कंपनी को हायर करने पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंट की जांच करने में मदद मिलेगी. साथ ही मोबाइल, लैपटॉप और कम्प्यूटर में बनाई गई गोपनीय फाइल, कोडिंग लॉक और डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने में मदद मिलेगी.

दीपावली के लिए राजधानी का बाजार सजकर तैयार

रायपुर (आरएनएस)। दीपोत्सव के लिए राजधानी रायपुर का बाजार सजकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही तरह-तरह की सजावटी सामान, रंग-बिरंगी झालर, डेकोरेटिव होम ऑयटम, कपड़ों का बाजार सजकर तैयार हो गया है।

दीपोत्सव को महज गिनते के दिन रह गए हैं। दीपावली के लिए राजधानी का बाजार सजकर तैयार हो चुका है और अब त्योहारी ग्राहकी भी शुरू हो रही है। शहर के गोलबाजार, बंजारी रोड, शास्त्रीबाजार, पंडरी कपड़ा मार्केट, सदरबाजार ज्वेलरी लाइन, फूलचौक, गुरूनानक चौक रोड की इलेक्ट्रानिक दुकानों में त्योहारी ग्राहकी अब बढ़ने लगी है। वर्तमान में सबसे ज्यादा रेडिमेड कपड़ों, रंगीन झालरों और डेकोरेटिव ऑयटम की मांग बनी हुई है। शहर के मालवीय रोड और बंजारी रोड में इन दिनों तरह-तरह की होम डेकोरेटिव ऑयटमों की बाढ़ सी आई हुई है दरवाजे में सजाने के लिए तरह-तरह की वंदनवार के साथ ही आकर्षक फ्लोर स्टीकर, आर्टिफिशियल फ्लावर, फ्लावर पॉट, कई रंगों की बेल-बूटे ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इसके अलावा रेडिमेड कपड़ों की दुकानों में भी ग्राहकों की भूम शुरू हो गई है। इसके अलावा फूलचौक और गुरूनानक चौक रोड स्थित इलेक्ट्रानिक की दुकानों में तरह-तरह की रंगीन झालरें और लाईटों की डिमांड बढ़ गई है।

हर साल की तरह इस साल भी दीपावली के लिए रंगीन झालरों की नई वैरायटियां लोगों को आकर्षित कर रही है।

बाजार में इस वर्ष फाउंटेन झालर, वॉटर फॉल झालर, पानी से जलने वाले दीये, मल्टीकलर रनिंग झालर भारी मात्रा में खरीदा जा रहा है। लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं। लंबाई के अनुसार इसका दाम 600 रूपए से लेकर 1200 तक है। इसी तरह फाउंटेन झालर जो पूरी तरह से फौव्वारे का लुक दे रहा है, इसकी कीमत भी अलग-अलग है। दुकानदारों का कहना है कि नवंबर के प्रथम सप्ताह से ग्राहकी में और तेजी आएगी।

छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में लुढ़का तापमान

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान का आंकड़ा गिर गया है। इसकी वजह से सुबह और शाम ढलने के बाद अब अच्छी ठंड महसूस होने लगी है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के असर से आने वाले दो-तीन दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इसके बाद ठंड में फिर से बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आज शाम से ही पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल जाएगा। इसके असर से फिलहाल तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम थम जाएगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। विक्षोभ का प्रभाव कम होने के साथ ही तथा हवा की दिशा में बदलाव आने के बाद फिर से ठंड का असर बढ़ने लगेगा। फिलहाल उत्तर-पूर्व से आ रही सर्द हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान का आंकड़ा कम हो गया है। वहीं अधिकतम तापमान का आंकड़ा भी लगभग स्थिर बना हुआ है। इससे मौसम काफी सुहावना बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हवा की दिशा में बदलाव आने के बाद क्रमश: तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो जाएगा। अनुमान है कि नवंबर के प्रथम सप्ताह से ही ठंड का असर तेज होने लगेगा और न्यूनतम के साथ ही अधिकतम तापमान के आंकड़ों में गिरावट आएगी। वर्तमान में भी शाम होते ही लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे है। वहीं घरों में रजाई और कंबल भी निकल गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

50 से 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंची प्याज की कीमत

रायपुर/नईदिल्ली (आरएनएस)। देशभर में प्याज की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। इस कारण राजधानी दिल्ली में खुदरा बाजार में प्याज का दाम 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। यही स्थिति देश के अलग-अलग हिस्सों में देखी जा रही है। प्याज की कीमत में बढ़ोतरी के पीछे की वजह खरीफ की फसलों के आवक में देरी को माना जा रहा है, जिस कारण मंडियों में प्याज की आपूर्ति पहले के मुकाबले कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में भी प्याज के भाव 50 के पार हो गए हैं।

देश के अलग-अलग शहरों में बढ़े प्याज के दाम

दिल्ली ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में प्याज की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मुंबई के वाशी एपीएमसी में थोक में प्याज 50 रुपये प्रति किलो और रिटेल में 80 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। एपीएमसी में व्यापारियों का कहना है कि आपूर्ति में कमी के कारण प्याज की कीमत 60 रुपये प्रति किलो तक जा सकती है। ऐसे में रिटेल कीमत 100 रुपये तक देखने को मिल सकती है।

कुछ ऐसा ही हाल बेंगलुरु में देखने को मिल रहा है। यहां की यसवंतपुर एपीएमसी में थोक में प्याज का रेट 65 रुपये प्रति किलो तक चला गया है। वहीं, कुछ हफ्ते पहले तक ये 35 रुपये से लेकर 40 रुपये प्रति किलो था। व्यापारियों ने कहा कि मंडी में पहले प्रतिदिन 500 से लेकर 1000 के बीच में प्याज के ट्रक आते थे, लेकिन अब इनकी संख्या घटकर 100 के आसपास रह गई है।

सरकार सस्ते दामों पर बेच रही प्याज

उपभोक्ता मामलों के सचिव, रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज की कीमतों को कम रखने के लिए सरकार अगस्त के मध्य से ही बफर में रखे प्याज को बाजार में बेच रही है। आगे कहा कि राज्यों में प्याज की कीमतों में तेजी से वृद्धि देखने को मिली है। वहीं, राज्यों में प्याज की खुदरा में भी प्याज को बेचा जा रहा है। सस्ती दरों पर प्याज बेचने का कार्य सरकार की ओर से किया जा रहा है और इसकी कीमत 25 रुपये प्रति किलो है।